# बलिदानी रुचिन रावत का पार्थिव शरीर पहुंचा एयरपोर्ट, मुख्यमंत्री ने दी श्रद्धांजलि

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
जम्मू-कश्मीर के राजौरी में आपरेशन त्रिनेत्र में बलिदान देने वाले लांस नायक रुचिन सिंह रावत का पार्थिव शरीर शनिवार को जौलीग्रांट एयरपोर्ट पहुंचा। इस दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने श्रद्धांजलि अर्पित की।
पुलिस प्रशासन और सेना के जवानों की मौजूदगी में शहीद को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया है।
इसके बाद मुख्यमंत्री, सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी, डोईवाला विधायक भूषण गैरोला ने बलिदानी जवान को श्रद्धांजलि दी। हिमाचल प्रदेश के बलिदानी पैराटूपर प्रमोद नेगी का पार्थिव शरीर भी आज जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर लाया गया। यहां से बलिदानी प्रमोद नेगी का पार्थिव शरीर हिमाचल भेजा जाएगा।



आपरेशन त्रिनेत्र में शुक्रवार पांच मई को बलिदान हुए लांस नायक रुचिन रावत का पार्थिव शरीर शनिवार को हवाई मार्ग से जौलीग्रांट एयरपोर्ट लाया गया। इसके बाद सड़क मार्ग से बलिदान का पार्थिव शरीर उनके मूल गांव रवाना कर दिया जाएगा। वह अपने पीछे बुजुर्ग माता-पिता, पत्नी व चार वर्षीय बच्चे को छोड़ गए हैं।
चमोली जिले के गैरसैंण ब्लॉक के कुनीगाड़ मल्ली गांव निवासी नौ पैरा में कमांडो लांस नायक रुचिन सिंह रावत शुक्रवार को आतंकवादियों और सुरक्षाबलों के बीच हुए मुठभेड़ में बलिदान हो गए थे। रुचिन रावत अपने पीछे दादा-दादी, माता-पिता, पत्नी और एक चार वर्ष के बेटे को छोड़ गए हैं। रुचिन की पत्नी और बेटा उनके साथ जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में ही रहते हैं। उनके बलिदान की सूचना पर गांव में मातम छाया हुआ है।

# लक्सर से पकड़ा गया उप्र का मोस्ट वांटेड

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
हत्या, लूट और डकैती के कई मामलों में वांछित 65 हजार के इनामी बदमाश को लक्सर जीआरपी पुलिस की मदद से उप्र पुलिस ने धर दबोचा। गिरफ्तार करने के बाद यूपी पुलिस आरोपित को अपने साथ ले गई।
अपर पुलिस अधीक्षक अरुणा भारती के निर्देश पर एक संयुक्त टीम बनाई गई, जिसमें लक्सर जीआरपी थाना प्रभारी ममता गोला और कई जीआरपी जवानों को शामिल किया गया। उप्र और उत्तराखंड पुलिस की संयुक्त टीम ने जाल बिछाकर बदमाश नंद्र उर्फ नंदराम को लक्सर क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया।
आरोपित पर 50 हजार का इनाम उप्र पुलिस ने घोषित किया था। इसके अलावा उस पर अलग से 15 हजार का इनाम भी घोषित था। नंदू के ऊपर उत्तर प्रदेश में हत्या, लूट और डकैती के कई संगीन मुकदमे दर्ज हैं। इसके साथ ही उसके ऊपर लक्सर जीआरपी थाने में भी दो मुकदमे दर्ज हैं।
बदमाश नंदू उर्फ नंदराम के कब्जे में पुलिस टीम ने कई हथियार भी बरामद किए हैं। आरोपीत की गिरफ्तारी करने के बाद उप्र पुलिस और एसटीएफ की टीम उसे अपने साथ उत्तर प्रदेश ले गई।
गौरतलब कि यूपी पुलिस और एसटीएफ फरार चल रहे 65,000 के इनामी बदमाश नंदू उर्फ नंदराम निवासी गांव झिंझाना जनपद शामली यूपी की तलाश में जुटी थी।
लगातार उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही थी। लेकिन टीम को सफलता हाथ नहीं लगी। बदमाश की गिरफ्तारी के लिए यूपी पुलिस और एसटीएफ ने लक्सर जीआरपी थाना पुलिस से मदद मांगी थी।



## संक्षिप्त खबरें

### मौसम में सुधार आने से चारधाम यात्रा में तेजी, अब तक लगभग पांच लाख यात्री पहुंचे

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
मौसम में सुधार होने से चारधाम यात्रा पुनः तेज रफ्तार पकड़ ली है। शनिवार को 42164 यात्री चारधाम यात्रा के लिए पहुंचे थे। इनमें बद्रीनाथ में 9341, केदारनाथ में 18223, गंगोत्री में 7939 तथा यमुनोत्री में 6861 यात्री शामिल थे।
अब तक क्रमिक रूप से बद्रीनाथ में 109457, केदारनाथ में 143788, गंगोत्री में 97737, गोमुख तक 140, यमुनोत्री में 85977 यानि कुल चार लाख 36099 यात्री चारधाम की यात्रा कर चुके हैं जबकि अब तक चारधाम यात्रा में जान गंवाने वालों का आंकड़ा 21 तक पहुंच चुका है। इनमें सर्वाधिक लोगों ने केदारनाथ में अपने प्राण गंवाए। आंकड़े बताते हैं कि बद्रीनाथ में अब तक 3, केदारनाथ में 8, गंगोत्री में 4, यमुनोत्री में 6 लोगों ने तीर्थयात्रियों ने अपनी जान गंवाई है।
जिला आपातकालीन परिचालन केन्द्र की माने तो लगभग सभी मार्ग खुले हुए हैं और यात्रा सुचारू है, जबकि मौसम विभाग का कहना है कि छह मई से लेकर 09 मई तक पर्वतीय क्षेत्रों के मैदानी क्षेत्रों में मौसम शुष्क रहेगा जबकि उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जनपदों में हल्की वर्षा या गरज के साथ वर्षा होगी।
मैदानी जनपदों में गर्मी का प्रकोप बढ़ेगा और कहीं बिजली गिरने से जनधन की क्षति हो सकती है जबकि ओलावृष्टि पेड़, पौधों, बागवानी को क्षति पहुंचा सकती है। मौसम विभाग के निदेशक बिक्रम सिंह का कहना है कि इस अवधि में किसानों तथा पर्यटकों को विशेष सतर्कता बरतनी होगी।

### फैशन ब्रांड ने लॉन्च किया मैक्स स्टाइल मिन प्राइस कैंपेन

**देहरादून।** भारत के पुरूषों, महिलाओं एवं बच्चों के लिये सबसे ज्यादा पसंद किये जाने वाले फैशन ब्रांड मैक्स ने भारत का पहला मैक्स स्टाइल, मिन प्राइस कैंपेन और देहरादून में गर्मी का (समर) कलेक्शन लॉन्च किया। मैक्स ने पैसिफिक मॉल, माजरा और चकराता स्थित अपने स्टोर्स पर गर्मी के लिये नये कलेक्शन और मैक्स स्टाइल मिन प्राइस कैंपेन का अनावरण किया। मैक्स स्टाइल, मिन प्राइस कैंपेन के तहत मैक्स अपनी सभी श्रेणियों के लिये मुनासिब और कम कीमतों पर विशाल श्रृंखला की शुरूआत करेगा। मैक्स देश का अकेला ऐसा फैशन ब्रांड है, जो पुरूषों, महिलाओं और बच्चों के लिये सबसे मुनासिब कीमत पर सर्वश्रेष्ठ गुणवत्ता जैसी पेशकश करता है। विवेक शर्मा, वाइस प्रेसिडेंट, रिजनल बिजनेस हेड- नॉर्थ रिटेल ऑपरेशंस, ने कहा कि साल में गर्मी एक ऐसा समय है, जब लोग परिवार के साथ अपनी छुट्टियाँ बिताना चाहते हैं। इस अवसर का लाभ उठाते हुए हम ग्राहकों को मैक्स पर खरीदारी के लिये बड़ी वजह देना चाहते थे। जिसके लिये हमने मैक्स स्टाइल मिन प्राइस को लॉन्च करने का फैसला किया। इस कैंपेन के साथ हम बेहद कम कीमतों पर स्टाइल की शानदार रेंज लॉन्च कर रहे हैं, यह रेंज खरीदारी करते समय हमारे ग्राहकों को आनंद का अहसास कराएगी। मैक्स ने नई कम कीमतों पर 129 रुपए से शुरू होने वाले किड्स वियर और 199 रुपए में यूथ स्टाइल की सबसे विशाल श्रृंखला को पेश किया है। इसके साथ ही ब्रांड ने 129 रुपए में किड्स ग्राफिक टीज, 269 रुपए में किड्स शॉर्ट्स, 199 रुपए की कीमत में यूथ सॉलिड टीज, 499 रुपए में प्रिंटेड कुर्ता, 699 रुपए में ईको फ्रेंडली जींस भी पेश की है। मैक्स स्टाइल, मिन प्राइस पर परिवार के प्रत्येक सदस्यों के लिये अनोखी कीमतों पर और भी बहुत कुछ है।

### सैमसंग का 2023 नियो क्यूएलईडी टीवी अब मोर वॉव दैन एवर एक्सपीरियंस के साथ भारत में लॉन्च

**देहरादून।** पिछले 17 वर्षों से दुनिया के नंबर एक टीवी ब्रांड सैमसंग ने आज 50इंच से 98इंच के साइज रेंज में अपने अल्ट्रा प्रीमियम 2023 नियो क्यूएलईडी 8के टीवी और क्यूएलईडी 4के टीवी की नवीनतम पीढ़ी लॉन्च करने की घोषणा की अद्भुत पिक्चर क्वालिटी और शानदार डिजाइन के अलावा इस साल के लाइन अप में मोर वॉव दैन एवर देने वाले उन्नत कनेक्टिविटी आधुनिक पर्सनलाइजेशन बेहतरीन गेमिंग अनुभव और तमाम उत्पादों के पूरे जीवन चक्र के दौरान कार्बन फुटप्रिंट को न्यूनतम कर दैनिक सस्टेनेबिलिटी पर ध्यान केंद्रित किया गया है। सैमसंग साउथवेस्ट एशिया के प्रेसिडेंट और सीईओ जेबी पार्क ने कहा हम उपभोक्ताओं को सिर्फ प्रीमियम पिक्चर क्वालिटी ही नहीं बल्कि एक संपूर्ण प्रीमियम डिवाइस अनुभव प्रदान करने के लिए 2023 में इनोवेशन की सीमाओं को और आगे बढ़ा रहे हैं ताकि उन्हें वह दिया जा सके जिनकी उनको जरूरत है।

## देवदूत बने जल पुलिस के जवान ने युवक की जान बचाई

**ऋषिकेश**
नीम बीच पर गंगा में डूब रहे युवक के लिए जल पुलिस के जवान देवदूत साबित हुए। घटनाक्रम के मुताबिक 21 वर्ष निखिल चौधरी पुत्र मनोज चौधरी निवासी थाना गोकलपुरी शाहदरा दिल्ली से अपने दोस्तों के साथ ऋषिकेश घूमने आए था। वह दोपहर करीब साढ़े 12 बजे नीम बीच पांडु पत्थर थाना मुनि की रेती क्षेत्र के समीप गंगा मे स्नान करने के दौरान पैर फिसलने के कारण गहरे पानी में डूब रहा था । उसे डूबता देख मिल के पर तैनात लोगों ने शोर मचा दिया जिसे सुन मौके पर राहत एवं बचाव ड्यूटी पर तैनात उत्तम सिंह भंडारी , नागेंद्र सिंह एवं हेड कांस्टेबल वीरेंद्र कुमार फ्लड रेस्क्यू टीम 40 वाहिनी पीएसी हरिद्वार द्वारा तुरंत रेस्क्यू शुरू कर दिया गया।

# एकल मार्ग पर छोटे वाहनों के अवैध संचालन का समिति ने किया विरोध

**8 एआरटीओ प्रशासन मोहित कोठारी को ज्ञापन देकर इस प्रकार के वाहनों पर रोक लगाए जाने की मांग की है**

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
ट्रांजिट कैंप से छोटे वाहनों का अवैधानिक तरीके से संचालन कर यात्रियों को अलग-अलग धामों में ले जाए जाने पर एकल मार्ग रोटेशन व्यवस्था समिति ने अपना विरोध प्रकट करते हुए एआरटीओ प्रशासन को एक ज्ञापन दिया है।
शनिवार को रोटेशन व्यवस्था समिति के कार्यालय में यात्रा सहकारी संघ के अध्यक्ष और संयुक्त रोटेशन व्यवस्था समिति के कार्यकारी अध्यक्ष मनोज ध्यानी की अध्यक्षता मैं आयोजित सभी कंपनियों के पदाधिकारियों ने ट्रांजिट कैंप से हरिद्वार सहित पूरे पर्वतीय क्षेत्र के छोटे वाहनों द्वारा निर्धारित दर से कम पर यात्रियों को एकल मार्ग पर संचालित किए जाने का विरोध करते हुए तत्काल एआरटीओ प्रशासन मोहित कोठारी को ज्ञापन देकर इस प्रकार के वाहनों पर रोक लगाए जाने की मांग की है।
बैठक में कहा गया कि ट्रांजिट कैंप में बने पंजीकरण कार्यालय में एक धाम पर पंजीकरण कराने वाले यात्रियों को छोटे वाहनों के स्वामी गुमराह कर यात्रियों को कम दामों पर ले जा रहे हैं। इसके कारण उनकी बसें जो वर्षों से यात्रियों को चार धाम यात्रा करवा रही हैं, उन्हें आर्थिक क्षति हो रही है, जिस पर तत्काल रोक लगाई जाए।बैठक में मनोज ध्यानी अध्यक्ष यात्रा सहकारी संघ, गोपाल सिंह नेगी अध्यक्ष रूपकुंड, पर्यटन सहकारी संघ यशपाल राणा, उपाध्यक्ष योगेश उनियाल, गजपाल रावत, टीजीएमओसी ललित मोहन पोखरियाल, कुंवर सिंह नेगी, संयुक्त रोटेशन के प्रभारी नवीन तिवारी सहित अन्य लोग भी उपस्थित थे।



# वरिष्ठ प्रवक्ता यमुना प्रसाद को मिला गढ़ गौरव सम्मान

**8 यह सम्मान त्रिपाठी के उल्लेखनीय योगदान हेतु एवं समाज के बीच शिक्षा के लिए प्रेरित करने को दिया गया**

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
श्री भरत मंदिर इंटर कॉलेज के वरिष्ठ प्रवक्ता यमुना प्रसाद त्रिपाठी को उनके शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए गढ़ भूमि लोक संस्कृति संरक्षण समिति द्वारा गढ़ गौरव सम्मान दिया गया है। यह सम्मान त्रिपाठी के उल्लेखनीय योगदान हेतु एवं समाज के बीच शिक्षा के लिए प्रेरित करने को दिया गया।
समिति समय-समय पर अनेक प्रकार के प्रतिभाओं को सम्मानित करती है।
उत्तराखंड की लोक संस्कृति ,लोक परंपरा, लोक भाषा को आगे बढ़ाने में जिन प्रतिभाओं का महत्वपूर्ण योगदान होता है ,उन्हें समय-समय पर समिति सम्मानित करती रही है।इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य मेजर गोविंद सिंह रावत ने सभी पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए कहा कि विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक यमुना प्रसाद त्रिपाठी जहां विद्यालय में अध्ययन अध्यापन के लिए उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं वहीं समाज में अनेक उत्कृष्ट कार्यों में योगदान देते रहते हैं।




## तीन हजार से अधिक परिवारों की भूमि रजिस्ट्री न होने से बढ़ी समस्या

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
राजधानी देहरादून के कैंट क्षेत्र के विधानसभा क्षेत्र में निवास कर रहे तीन हजार से अधिक परिवारों की रजिस्ट्री उनके अपने नाम नहीं है जबकि यह लोग वर्षों वर्ष से उन आवासों में रह रहे हैं। इनमें अधिकांश लोग ऐसे हैं जो विभाजन के समय पाकिस्तान से भारत आए थे और कैंट के प्रेमनगर क्षेत्र में बसाये गए थे।इसे दुर्भाग्य ही कहा जाएगा कि अब तक इन लोगों की जमीन इनके नाम नहीं है और सरकार कभी भी इनको इनकी जमीन से बाहर कर सकती है। अब इनमें रहने वालों को जमीन की रजिस्ट्री कराने का भरोसा टिहरी सांसद मालाराज लक्ष्मी शाह ने दिलाया है।

# महिला पहलवानों के समर्थन में उतरी आआपा, दिया धरना



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
आम आदमी पार्टी (आआपा) ने दिल्ली के जंतर मंतर में बैठी महिला पहलवानों को अपना समर्थन देते हुए भगत सिंह चौक पर एक दिवसीय सांकेतिक धरना दिया। आप ने भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष और भाजपा सांसद बृजभूषण सिंह की कुश्ती महासंघ अध्यक्ष के पद से निलंबन और तुरंत गिरफ्तारी की मांग की।
पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष नरेश शर्मा ने कहा कि आज देश की महिला पहलवान 14 दिनों से न्याय को लेकर जंतर मंतर पर बैठी है, परंतु दिल्ली पुलिस ने अभी तक कोई भी कार्रवाई भाजपा सांसद के खिलाफ नहीं की है। एक तरफ देश के प्रधानमंत्री और पूरी भाजपा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की बात करती है। देश की बेटियां जंतर मंतर बैठ के इन्हीं के सांसद के खिलाफ यौन शोषण जैसे गंभीर आरोप लगा रही है और पूरी भाजपा मौन है।
प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष महिला मोर्चा हेमा भंडारी ने कहा कि देश के लिए मेडल लाने वाली बेटियां भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष और भाजपा सांसद के खिलाफ धरने पर बैठी हैं। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद पोस्को एक्ट में दर्ज एफआईआर के बाद भी दिल्ली पुलिस द्वारा कोई भी कार्यवाही ना करना और प्रधानमंत्री का अपने सांसद के खिलाफ कोई एक शब्द ना बोलना भाजपा के चाल चरित्र और चेहरे को दशार्ता है।
पार्टी के जिलाध्यक्ष संजय सैनी ने कहा की आज लोकतंत्र और संविधान खतरे में है। जब देश की मैडल लाने वाली बेटियां ही सुरक्षित नहीं तो अन्य महिलाओं का क्या हाल होगा। विधानसभा अध्यक्ष अनिल सती, जिला प्रवक्ता सचिन बेदी, पवन गुप्ता मयंक गुप्ता, संगठन महामंत्री आशीष गौर, विधानसभा अध्यक्ष संजू नारंग ने अपने विचार रखे। धरना प्रदर्शन में विधानसभा अध्यक्ष अध्यक्ष अनिल सती, विधानसभा अध्यक्ष ग्रामीण संजू नारंग, विधानसभा उपाध्यक्ष धीरज पीटर, किरण कुमार दुबे, संगठन महामंत्री आशीष गॉड, जिला उपाध्यक्ष प्रवीण कुमार, मयंक गुप्ता, जिला प्रवक्ता एडवोकेट सचिन बेदी, छात्र युवा संगठन जिलाध्यक्ष अमनदीप, संदीप कुमार मौजूद रहे।

# पहाड़ में रोजगार के अवसर सृजन करने होंगे: डॉ. माधुरी बड़थ्वाल

**गोपेश्वर**
पद्मश्री डॉ. माधुरी बड्थ्वाल का बदरीनाथ से लौटते हुए शनिवार को पीपलकोटी में बंड विकास संगठन और स्थानीय ग्रामीणो नें स्वागत किया और उन्हें स्मृति-चिन्ह भेंट किया।
पद्मश्री माधुरी बड़थ्वाल संस्कृति और रिवर्स पलायन संवाद के जरिए प्रदेशभर में लोगों को जागरूक कर रही हैं। पीपलकोटी में स्थानीय लोगो से संवाद करते हुए उन्होंने कहा कि पहाड़ पलायन से खाली हो गये इसलिए रिवर्स माइग्रेशन के जरिए लोगों को पहाड़ लौटकर अपनी माटी के लिए कुछ करना चाहिए। पहाड़ में रोजगार की असीमित संभावनाएं हैं। योग, पर्यटन में ही लाखों लोगों को रोजगार उपलब्ध हो सकता हैं। हमें अपनी संस्कृति, वेशभूषा और खान पान को बढ़ावा देना होगा इसके लिए सबको मिलकर आगे आना पड़ेगा।
बंड विकास संगठन के पूर्व अध्यक्ष अतुल शाह नें कहा की पीपलकोटी में पलायन बहुत कम हुआ है। यहां लोगो ने रिवर्स पलायन के जरिए स्वरोजगार के तहत अपना रोजगार सृजन किया है। आज पीपलकोटी पर्यटन, संस्कृति का प्रमुख केन्द्र बन चुका है। इस अवसर पर शम्भू प्रसाद सती, रूप सिंह गुसाई, अयोध्या हटवाल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।
ये हैं डॉक्टर माधुरी बड़थ्वाल-
पद्मश्री, नारी शक्ति सम्मान सहित दर्जनों पुरस्कार से सम्मानित डॉ. माधुरी बड़थ्वाल का पूरा जीवन लोकगीतों के संरक्षण और संवर्धन को समर्पित है। उनके पास सैकड़ों लोकगीतों का खजाना है जो आज लोक से विलुप्त हो चुके हैं।
गौरतलब है कि डॉ. माधुरी बडथ्वाल को महज ढाई साल की उम्र से लोकसंगीत के प्रति ऐसा लगाव हुआ की वे विगत पांच दशकों से लोकगीतों के संरक्षण और संवर्धन में बड़ी शिद्दत से जुटी हुई है। उन्होंने पिछले 50 सालों में उत्तराखंड के गांव-गांव घूमकर लोक के असली कलाकारों को पहचाना, सैकड़ों लोगों को लोकसंगीत का प्रशिक्षण दिया।



# नशा के कारोबारियों पर उत्तरकाशी पुलिस सख्त, एक युवक गिरफ्तार

**उत्तरकाशी/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तरकाशी पुलिस अवैध नशे के कारोबारियों पर सख्त है। पुलिस ने 11.20 ग्राम अवैध स्मैक के साथ उत्तरकाशी तिलोथ के एक युवक को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है। पुलिस ने अफीम की अवैध खेती करने पर 12 लोगों पर एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर 0.271 हेक्टेयर (14 नाली) भूमि पर अफीम को भी नष्ट किया।
शनिवार को पुलिस अधीक्षक उत्तरकाशी अर्पण यदुवंशी ने पत्रकारों को बताया कि चारधाम यात्रा के दौरान अवैध नशे और मादक द्रव्यों पर कार्रवाई के लिए जिले के सभी थाना-कोतवाली पर स्पेशल पुलिस टीम गठित की गई है। स्पेशल टीमें अपने कार्य को लगातार अंजाम दे रही हैं।
शुक्रवार रात्रि को पुलिस उपाधीक्षक उत्तरकाशी अनुज कुमार के नेतृत्व में गत रात्रि में थाना कोतवाली उत्तरकाशी पुलिस की स्पेशल टीम ने कोटी लदाड़ी, बोंगा जाने वाले मार्ग से स्मैक के मुख्य सरगना शिवम को 11.20 ग्राम अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार किया। उसकी कीमत करीब 1.20 लाख रुपये बताई गई है।
उधर धरासू और मोरी क्षेत्रान्तर्गत पुलिस व प्रशासन की संयुक्त टीम ने 0.271 हेक्टेयर (14 नाली) जमीन पर अफीम का विनष्टीकरण किया। पुलिस की सूचना पर प्रशान्त कुमार पुलिस उपाधीक्षक धरासू / मोरी के नेतृत्व में पुलिस, प्रशासन और आबकारी की संयुक्त टीम गठित कर थाना धरासू क्षेत्रान्तर्गत बणगांव हरेला गाड के पास भण्डारा का सेरा नामक तोक (जगह) में 0.051 हेक्टेयर यानि ढाई नाली जमीन पर पैदा की गयी अफीम, डोडा पोस्त की खेती का विनष्टीकरण किया गया। अवैध रूप से खेती करने वाले बणगांव निवासी सुरजा देवी, बलम सिंह , बलमा देवी के विरुद्ध थाना धरासू में एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया है।
मोहन सिंह कठैत, थानाध्यक्ष मोरी और जबर सिह असवाल, नायब तहसीलदार मोरी के नेतृत्व में पुलिस-प्रशासन की संयुक्त टीम गठित थाना मोरी क्षेत्रान्तर्गत ढामटी थुनारा गांव में अवैध रूप से करीब 0.220 हेक्टेयर (11 नाली) भूमि पर की जा रही अफीम की खेती को नष्ट किया। सम्बन्धित भूमि के 9 खाता धारकों सुभाष, विशनदास,नरेन्द्र, जोगनदास ,प्रहलाद,अब्बलदास, बबलू, छोटी, सोहन लाल निवासीगण थुनारा मोरी के विरुद्ध थाना मोरी पर एनडीपीएस एक्ट के एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया।



## बहू से छेड़छाड़ के दोषी ससुर को कारावास

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
बहू को निर्वस्त्र कर उसके साथ छेड़छाड़ और अश्लील हरकतें कर हमला करने और धमकी देने के आरोपित ससुर को द्वितीय अपर जिला एवं सत्र न्यायालय ने तीन वर्ष कारावास तथा बीस हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। इस मामले में आरोपित देवर, देवरानी और सास को न्यायालय ने सबूतों के अभाव में बरी कर दिया है।
मामला 28 अगस्त 2021 से द्वितीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ऋषिकेश विजयलक्ष्मी विहान की अदालत विचाराधीन था। इस मामले में एक महिला ने अपने ससुर पर कई दुष्कर्म, छेड़छाड़, अश्लील हरकत करने, मारपीट व धमकी देने संबंधी गंभीर आरोप लगाए थे।

G20
उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव
ई-निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति की ओर से व० मण्डल बिजली इंजीनियर/टी. आर.एस. इलेक्ट्रिक लोको शैड, खानआलमपुरा यार्ड, सहारनपुर निम्नलिखित कार्य के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in पर रजिस्टर्ड/पंजीकृत निविदाकर्ताओं से निविदाएँ आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| खुली निविदा संख्या | ई.एल.एस._एस.आर.ई._आर टी-32 |
| कार्य का विवरण | कन्वेंशनल लोको के बीटी ब्रेक के एन-32 टाइप टैप पैजर्स की मरम्मत/रिडिसिलेशन। |
| समापन/खोलने की तिथि | 29.05.2023 |
| अनुमानित लागत | ₹ 3,78,72,642.84 |
| अर्नेस्ट मनी | ₹ 3,39,400/- |
| समापन अवधि | दो वर्ष |
| वैधता अवधि | 45 दिन |
| निविदा फॉर्म की लागत | आई० आर० ई० पी० एस० से डाउनलोड हेतु निःशुल्क तथा रुपये 10,000/- Sr.DEE/TRS/SRE ऑफिस से हार्ड कॉपी के लिए |

1. वर्क्स निविदाएं की ई-टेंडरिंग में भाग लेने के निविदाकारों के पास क्लास-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र होना चाहिए। 2. निविदाकर्ता को सभी पात्रता संबंधित दस्तावेजों की स्कैन प्रतियां को अपलोड करना आवश्यक है। 3. सभी कर वर्तमान नियम के अनुसार लागू होंगे। 4. विवरण के लिए, कृपया आईआरईपीएस वेबसाइट www.ireps.gov.in पर लॉग इन करें।
संख्याः ई.एल.एस._एस.आर.ई._आर टी-32 दिनांक 06.05.2023
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1378/23

## न्यूज फ्लैश

### रजवाहा में पानी नहीं आया तो करें शिकायत

**मथुरा।** जिलाधिकारी पुलकित खरे ने समस्त ब्लॉक प्रमुख तथा ग्राम प्रधानों को पत्र के माध्यम से अवगत कराया है कि निचली मांट शाखा खण्ड गंगा नहर मथुरा द्वारा संचालित नहरों का रोस्टर जारी किया गया है। यदि किसी ब्लॉक प्रमुख तथा ग्राम प्रधान को गांव में रोस्टर के अनुसार नहरों का संचालन नहीं होना पाया जा रहा है, तो आप कलेक्टेज्टट मथुरा स्थित नियंत्रण कक्ष में स्थापित दूरभाष नम्बर 0565-2974934 पर तत्काल सूचित करें, ताकि आपकी समस्या का तत्काल समाधान कराया जा सके।

### पानी नहीं, केवल स्तनपान अभियान 30 जून तक

**मथुरा।** मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना ने अवगत कराया है कि गर्मियों में शिशुओं में केवल स्तनपान संबंधी व्यवहार सुनिश्चित करने के लिए एक मई से 30 जून तक समस्त कन्वर्जेन्स विभाग, जन प्रतिनिधियों तथा डेवलपमेंट पार्टनर के सहयोग से पानी नहीं, केवल स्तनपान अभियान आयोजित किया जायेगा, जिससे केवल स्तनपान की दर में वृद्धि होने के अपेक्षित परिणाम प्राप्त होने के साथ ही शिशु मृत्यु दर में भी सुधार लाया जा सके। एक मई से 30 जून के मध्य अभियान का आयोजन निर्धारित रोस्टर के अनुसार कराते हुए अभियान को सफल बनाये जाने के मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक ग्राम्य विकास अभिकरण अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला पूर्ति अधिकारी, समस्त खण्ड विकास अधिकारी तथा बाल विकास परियोजना अधिकारी एवं टीएसयू श्रीमती विधि तिवारी को निर्देश दिये हैं कि उक्त अभियान को शत प्रतिशत सफल बनाने में अपना अपना योगदान दें।

### कुआं में गिरी गाय, दमकलकर्मियों ने बचाई जान

**मथुरा।** शनिवार की सुबह करीब दस बजे थाना हाईवे क्षेत्र की कॉलोनी नगला शिवजी में बने एक सूखे कुएं में गिर गई। करीब 70 फीट गहरे कुएं में जहरीली गैस होने की भी आशंका थी। पहले स्थानीय लोगों ने गाय को अपने प्रयासों से निकालने की कोशिश की। जब उन्हें सफलता नहीं मिली तो दमकल विभाग को इसकी सूचना दी गई। मौके पर पहुंची दमकल टीम ने करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद गाय को सकुशल बाहर निकाला। कुआं में उतरने से पहले दमकल टीम ने यह सुनिश्चित किया कि कुआ में किसी तरह की कोई विषाक्त गैस नहीं है। रेस्क्यू करने में दमकल कर्मियों को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा था। करीब डेढ़ घंटे की मेहनत के बाद जब कोई सफलता नहीं मिली तो फिर कुएं में दमकल कर्मी को उतारने का निर्णय लिया गया।

### चोरी के चार मोबाइल के साथ दो पकड़े

**मथुरा।** थाना गोवर्धन पुलिस ने मोबाइल चोरी करने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से चार चोरी के एंड्रायड मोबाइल बरामद किए हैं। प्रभारी निरीक्षक थाना गोवर्धन ओम हरि बाजपेयी के मुताबिक कन्हैया पुत्र शीतल निवासी गिर्राज कालोनी वृन्दावन थाना वृन्दावन मथुरा हाल निवासी आन्यौर थाना गोवर्धन तथा महेन्द्र पुत्र बच्चू सिंह निवासी मंडी चैराहा दिल्ली वाली बाउंड्री द्वार कृष्ण नगर कृष्णा विहार थाना हाईवे को सौंख रोड वंशीवट कट के पास से गिरफ्तार किया गया। कन्हैया के खिलाफ पूर्व में ही आधा दर्जन मुकदमे दर्ज हैं।

### स्व. चैधरी अजीत सिंह की पुण्यतिथि मनाई

**मथुरा।** राष्ट्रीय लोक दल के कैम्प कार्यालय राधापुरम स्टेट पर जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह भरंगर के नेतृत्व में रालोद के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केन्द्रीय मंत्री स्व.अजित सिंह की पुण्यतिथि मनाई गई। राजपाल भरंगर ने कहा कि अजित सिंह किसानों की आवाज बुलंद करने वाले और सामाजिक एकता के प्रतीक रहे।

# राम के साथ परशुराम भी जरूरी: डा. अरविंद शर्मा

## धर्म की स्थापना और मानव कल्याण के पर्याय हैं परशुराम -चौधरी धर्मवीर सिंह

**पुरानी राम-लीला परिषद में आयोजित समारोह स्थल के मुख्य स्टेज तक सभी अतिथियों को बैंड बाजे और नारे लगाते हुए ले जाया गया**

**टीम एक्शन इंडिया/दिनेश यादव**
**महेन्द्रगढ़**




**परशुराम** शस्त्र और शास्त्र के समन्वय का नाम है, संतुलन का पैगाम है। आज जब शस्त्र का निरर्थक प्रयोग बढ़ चला है, भगवान परशुराम से प्रेरणा लेकर संतुलन की जरूरत है ताकि मानव मात्र का कल्याण हो सके। हम भगवान परशुराम को गौरव और शौर्य का प्रतीक माने हुए हैं, मगर ऐसे महान नायक के गुणों का भी समावेश अपने जीवन में करना होगा मानव कल्याण संभव है। इस महान व्यक्तित्व का आह्वान निश्चय ही मानव जाति के लिए कल्याणकारी होगा। उक्त विचार ब्राह्मण सभा महेंद्रगढ़ द्वारा भगवान परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि रोहतक लोकसभा से सांसद डॉ अरविंद शर्मा ने व्यक्त किए।
कार्यक्रम में अति विशिष्ट अतिथि के रूप में बोलते हुए महेंद्रगढ़ भिवानी के सांसद चौधरी धर्मवीर सिंह ने कहा की भगवान परशुराम को राजनीति के श्रेष्ठ मूल्यों का प्रतिष्ठाता भी माना जाता है। वे शासन में मानवीय गरिमा की सर्वोच्चता के पक्षधर थे। उनके द्वारा सुझाए गए अंतोदय के काम आज भी अनुकरणीय हैं।
भगवान परशुराम ने समाज सुधार और जनता को रोजगार से जोड़ने में अहम भूमिका निभाई थी। कार्यक्रम के अध्यक्ष पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रोफेसर रामविलास शर्मा ने कहा भगवान परशुराम भारतीय धर्म और अध्यात्म के क्षितिज पर दैदीप्यमान हस्ताक्षर रहे हैं। उन्होंने धर्म और मयार्दा की स्थापना के लिए शस्त्र और शास्त्र दोनों का प्रयोग किया। भगवान परशुराम सृजन और शौर्य के प्रतीक हैं। राम के साथ परशुराम की भी जरूरत है क्योंकि शक्ति के बिना मयार्दा की स्थापना संभव नहीं। भारतीय राजनीति की श्रेष्ठ परंपरा में भगवान परशुराम के विचार आज भी प्रासंगिक हैं। अति विशिष्ट अतिथि पूर्व जिला प्रमुख सुरेंद्र कौशिक ने कहा कि भगवान परशुराम ऐसे महा पराक्रमी और तपस्वी नायक हुए हैं जिन्होंने मानवता के विरुद्ध होते हुए गलत कार्य को कभी बर्दाश्त नहीं किया। उनकी न्याय प्रियता किसी प्रमाण की मोहताज नहीं है। सभी अतिथियों और समारोह में पधारे लोगों का ब्राह्मण सभा महेंद्रगढ़ के प्रधान दिनेश चंद्र वैद्य ने अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि ब्राह्मण सभा के सचिव मनोज गौतम ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्यक्रम की धूरी के रूप में कार्य किया है। इनके साथ-साथ विजय भारद्वाज, विश्वनाथ मिश्रा, जितेंद्र शर्मा, रमेश शर्मा, दीनदयाल, संतलाल, सुरेश शर्मा, कैलाश दत्त शास्त्री सुभाष तिवारी, राजेश दिल्लीवान और पूरी कार्यकारिणी ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई है। मैं समस्त ब्राह्मण समाज और ब्राह्मण सभा का इस कार्यक्रम में पधारने और सफल बनाने पर आभार व्यक्त करता हूं। कार्यक्रम का कुशल मंच संचालन ब्राह्मण सभा के सचिव मनोज गौतम ने किया। भगवान परशुराम जन्मोत्सव के इस समारोह के लिए शहर के परशुराम चौक और ब्राह्मण सभा को बहुत सुंदर तरीके से सजाया गया था ।कार्यक्रम की शुरूआत पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस से शोभायात्रा से की गई।इस भव्य शोभायात्रा में सैकड़ों लोगों ने भाग लिया।शोभा यात्रा में अतिथियों और गणमान्य को घोड़े बाग्गियों पर बैठा कर लाया गया। राधा कृष्ण, राम दरबार, भगवान परशुराम, शिव पार्वती आदि देवताओं की झांकियां निकाली गई। लगभग 400 युवाओं ने मोटरसाइकिल के साथ भव्य शोभायात्रा को चार चांद लगा दिए। शहर को झंडियों से सजाया गया। जगह- जगह पर शोभायात्रा पर पुष्प वर्षा की गई। शोभा यात्रा में चलने वाले लोगों के लिए जगह -जगह पर ठंडे पानी, जलजीरा, जलपान की व्यवस्था की गई । पूरा शहर भगवान परशुराम के नारों से गूंज उठा। पंजाबी बैंड इस शोभायात्रा में आकर्षण का केंद्र रहा। शहर में जगह-जगह अतिथियों और समारोह में पहुंचने वाले सभी आमखास के स्वागत के लिए विभिन्न सामाजिक संस्थाओं और संगठनों ने स्वागत द्वार लगाए। ब्राह्मण सभा के परशुराम भवन में सभी अतिथियों ने भगवान परशुराम की पूजा अर्चना की।

उसके बाद पुरानी राम-लीला परिषद में आयोजित समारोह स्थल के मुख्य स्टेज तक सभी अतिथियों को बैंड बाजे और नारे लगाते हुए ले जाया गया। बीआर स्कूल सेहलंग के चेयरमैन हरीश भारद्वाज और हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स महेंद्रगढ़ के जिला सचिव मनोज गौतम के निर्देशन में बी आर सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेहलंग के बच्चों ने सेवा के कार्य में पूरा सहयोग किया। सभी आने वाले अतिथियों का तिलक मंत्रोच्चारण के साथ पटका पहना कर स्वागत किया गया।

## सख्त पहरे के बीच स्ट्रांग रूम में बंद है प्रत्याशियों का भाग्य



**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**
नगर निकाय चुनाव के बाद निर्वाचन अधिकारियों को मतपेटियों को मंडी समिति में बनाए गए स्ट्रांग रूमों में सुरक्षित रखवाया दिया। मतपेटियों की सुरक्षा में पुलिस का सख्त पहरा है। वहीं प्रत्याशियों के समर्थक भी निगरानी करने में जुटे हैं। गोवर्धन की सब्जी मंडी में 13 मई को बरसाना सौंख राधा कुंड और गोवर्धन नगर पंचायत अध्यक्ष एवं सभासद पद के प्रत्याशियों के लिए डाले गए वोटों की काउंटिंग होगी। उत्तर प्रदेश नगर निकाय के पहले चरण का मतदान मथुरा जिले में सकुशल संपन्न हो चुका है। 4 मई को मतदान के बाद निर्वाचन अधिकारियों के निर्देशन में मतपेटियों को मंडी समिति परिसर में बनाए गया स्ट्रांग रूमों में सुरक्षित रखवाया गया। गोवर्धन मंडी समिति में चार नगर पंचायत गोवर्धन, बरसाना, राधा कुंड और सौंख की मतपेटियों रखी गई हैं। 13 मई को मतपेटियों खुलकर मतों की काउंटिंग होगी। इससे पहले कोई गड़बड़ी न हो इसके लिए मंडी समिति में स्ट्रांग रूमों की सुरक्षा में पुलिस का सख्त पहरा प्रशासन ने लगाया है। पुलिस ड्यूटी में मुस्तैद जवान सीसीटीवी की निगरानी में हर गतिविधि पर नजर बनाए हुएं। किसी तरह की कोई गड़बड़ी न हो, इसके लिए प्रत्याशियों के समर्थकों ने मंडी के समीप डेरा डाल रखे हैं, वह भी पूरी तरह सजग और सतर्क हैं।

## आगरा उत्तरी बाईपास पर कट की मांग हुई तेज

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**
**आगरा** उत्तरी बाईपास पर कट की मांग को लेकर बल्देव क्षेत्र के कई गावों के किसान आंदोलित है। किसान संगठनों का भी अब ग्रामीणों को साथ मिलने लगा है। ग्रामीणों का कहना है कि आगरा उत्तरी बाईपास क्षेत्र के कई गांव से होकर के गुजर रहा है। वहां किसानों की बेशकीमती जमीन उत्तरी बाईपास के कारण दो भागों में बांट चुकी है। जिसके कारण किसानों को अपने खेत पर एक स्थान से दूसरे स्थान तक जाने के लिए अंडर पास से होकर के गुजारना पड़ेगा लेकिन कार्यदाई संस्था अंडरपास को भी बहुत छोटा बना रही है। जिसके कारण किसानों की भूसा भरी ट्रॉली इन अंडर पास से होगा नहीं गुजर सकती साथ ही किसनों ने बताया कि आवागम में भी परेशानी पैदा होगी। उत्तरी बाईपास पर बलदेव कैलाश संपर्क मार्ग, बलदेव बरौली रनकता आगरा संपर्क मार्ग, बलदेव कंजौली बाया मडोरा रैपुरा जाट संपर्क मार्ग पर कट होना आवश्यक है साथ ही किसानों की भूमि दो भागों में बांट गई है जिसके लिए सिंचाई आदि उत्तरी बाईपास निर्माण के समय पुलिया का निर्माण होना भी आवश्यक है।



## एक छोटी सी मुस्कान दूसरों को करा सकती है खुशी का एहसास

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**ज्ञान गंगा** मांटेसरी एवं मॉडल स्कूल, न्यू नंदवानी नगर में विश्व हास्य दिवस (वर्ल्ड लाफ्टर डे) के उपलक्ष्य में शनिवार को छात्र-छात्राओं ने आकर्षक व ज्ञानवर्धक पोस्टर व कार्टून बनाकर जीवन में हंसने के फायदे के बारे में सभी को जागरूक किया । स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन, सीईओ संजय जैन व प्राचार्या रिचा चावला ने विद्यार्थियों को विश्व हास्य दिवस की शुभकामनाएं दी और पोस्टर व कार्टून बनाने वाले बच्चों की हौसलाफजाई की। चेयरमैन सुधीर जैन ने विद्यार्थियों से कहा कि आपकी एक छोटी सी मुस्कान दूसरों को खुशी का एहसास करा सकती है । यह खुद के लिए भी काफी फायदेमंद होती है। उन्होंने कहा जिस तरह अच्छी हवा और अच्छा खानपान सेहतमंद रहने के.लिए जरूरी होता है, उसी प्रकार आपकी हंसी भी आपको स्वस्थ रखने में अहम भूमिका निभाती है । अगर हम सभी सुबह-शाम हंसने की आदत डाल लें तो कोई भी बीमारी, चाहे मानसिक हो या शारीरिक हमारे पास भी नहीं आएगी । सीईओ संजय जैन ने कहा कि स्वास्थ्य विशेषज्ञ भी मानते हैं कि रोजाना हंसने से सेहत तो अच्छी रहती ही है साथ ही इससे शरीर में एनर्जी भी बनी रहती है। खुलकर हंसने से हमारे शरीर में ब्लड सकुर्लेशन सही बना रहता है । हंसने से हमारा इम्यून सिस्टम बेहतर बनता है जो कई तरह की बीमारियों से लड़ने में फायदा पहुंचाता है। प्राचार्या रिचा चावला ने बताया कि हर साल मई के पहले रविवार को विश्व हास्य दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसका मकसद समाज में बढ़ते तनाव को कम करना और खुशहाल जीवन जीने की कला सिखाना है। एक मकसद हंसी की मदद से समाज में वसुधैव कुटुंबकम की भावना को आगे बढ़ाना भी है।



## पशुपालन से खोलें तरक्की के द्वारा, सरकार दे रही साथ

**मथुरा।** घटती जोत और महंगी होती खेती के बीच पशुपालन किसानों के लिए वरदान साबित हो रहा है। इसमें बड़े ही नहीं छोटे किसानों को भी सम्बल मिल रहा हैं। सरकार भी पशुपालन को बढावा देने के लिए कई योजनाएं चला रही है। पशुपालन में रुचि दिखा रहे किसानों और दूसरे उद्यमियों को योजना के तहत बैंक सब्सिडी के तहत लोन भी दे रही हैं। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा.विपिन कुमार गर्ग ने बताया कि महत्वाकांक्षी एनएलएम योजना में पशुपालकों को सरकार द्वारा बैंक माध्यम से बीस लाख से एक करोड़ रुपये तक का लोन उपलब्ध कराया जा रहा है। इस योजना के तहत पशुपालकों 50 प्रतिशत सब्सिडी मिलेगी। जनपद में पशुपालक किसान इस योजना में रुचि ले रहे हैं। योजना के अंतर्गत मछली, बकरी, भेड़ और शूकर आदि का पालन किसान कर सकते हैं। जनपद में बकरी पालन में अधिक लोग रुचि दिखा रहे हैं। उन्होंने बताया कि योजना का लाभ लेने के लिए तय मानकों को पूरा करने वाले लाभार्थी ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। बीस लाख से एक करोड तक के लोन की व्यवस्था है। योजना के तहत नस्ल सुधार पर भी जोर दिया जा रहा है। इसके लिए जनपद के बलदेव क्षेत्र में प्रोजेक्ट में एक व्यक्ति ने रुचि दिखाई है। इस प्रोजेक्ट के तहत एक करोड़ रुपये तक का लोन स्वीकृत हो सकता है। नस्ल सुधार के माध्यम से प्रति पशु उत्पादकता में वृद्धि का लक्ष्य निर्धारित है। यहां विकसित होने वाले अच्छी नस्ल के पशुओं को किसानों को दिया जाता है जिससे अच्छा उत्पादन प्राप्त कर सके।

## पहल: अब एमएसपी पर आपके घर आकर गेहूं खरीदेगी सरकार!

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**
**किसान** सरकारी खरीद केंद्र पर गेहूं बेचने नहीं जाना चाहते तो कोई बात नहीं अब सरकार खुद आपके द्वारा एमएसपी पर आपकी फसल को खरीदने के लिए पहुंचेगी। किसानों के लिए सरकार कई तरह की पहल कर रही है, जिससे कृषकों को होने वाली अनावश्यक परेशानियों से निजात दिलाई जा सके। जनपद में पहली बार मोबाइल खरीद की शुरूआत की गई है। इस प्रयास के तहत मोबाइल खरीद केन्द्र किसानों की मांग पर गांव पहुंचेगा और एमएसपी पर गैहूं की खरीद करेगा। अभी तक सरकारी क्रय केंद्रों पर गेहूं की खरीदारी की जा रही रही थी। जिला खाद्य वितरण अधिकारी संतोष कुमार ने बताया कोई किसान जिसके पास 100 क्विंटल गल्ला है वह फोन पर सूचना दे सकता है। इसके बाद मोबाइल टीम गांव पहुंच कर किसान का गल्ला एमएसपी पर खरीदेगी। अगर ग्राम पंचायत में छोटी जोत के कई किसान मिल कर 100 क्विंटल या इससे अधिक गल्ला एकत्रित करते हैं तो भी इसकी खरीद उनके गांव पहुंच कर ही की जाएगी। इससे किसानों को बिचैलियों से भी मुक्ति मिलेगी और मौसम खराब होने या दूसरी किसी वजह से होने वाली परेशानी से भी किसान बच सकेंगे। सरकार की इस पहल से किसानों को लाभ मिलेगा और सरकारी गेहूं की खरीद भी बढेगी।



**2.45 प्रतिशत ही हुई है खरीद**
जनपद में 83 क्रय केंद्र खोले गए हैं। जनपद को 93 हजार मीट्रिक टन सरकारी गेहूं की खरीद का लक्ष्य मिल है। एक अप्रैल से गेहूं की खरीद शुरू हुई थी अभी तक 2278.58 मीट्रिक टन यह लक्ष्य के 2.45 प्रतिशत की ही खरीद हुई है। एक अप्रैल 15 जून तक खरीद होती है।

## जीएम हॉस्पिटल में हुआ नेत्र स्वास्थ्य शिविर

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**
**गोवर्धन** क्षेत्र के नीमगांव कुंजेरा रोड स्थित जीएम हॉस्पिटल में नेत्र स्वास्थ्य शिविर लगा। महंत प्रेम दास महाराज, विशिष्ठ अतिथि डॉ रचना गोयल, पीएसआरआई हॉस्पिटल नई दिल्ली की कंसलटेंट सचिव बीबी शर्मा, बिन्देश कुमार दीक्षित, डॉ अभिषेक चैधरी, मेडिकल डारेक्टर ऑफ जीएम हॉस्पीटल आकाश कुमार गौतम, पवन शर्मा के द्वारा नेत्र स्वास्थ्य शिविर का शुभारम्भ किया गया। डॉ श्रॉफ चैरिटी आई हॉस्पीटल के सहयोग से प्रसिद्ध नेत्र विशेषज्ञों व उनकी टीम के द्वारा नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में डॉ. सूफियान दानिश व उनकी टीम के द्वारा नेत्र से सम्बन्धित रोग का इलाज किया गया।जिसमें 128 रजिस्ट्रेशन हुए मोतियाबिंद 40 ग्लूकोमा 35 रेटीना 8 भैंगापन 7 कार्निया 15 मरीजों की समस्याओं का निदान किया गया साथ ही मोतियाबिंद के आपरेशन के लिए 4 मरीजों को डॉ सूफियान दानिश के द्वारा डॉ श्राफ चेरीटी आई हॉस्पीटल भेजा गया।वही शिविर में डॉ अभिषेक चैधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर में नेत्र से संबंधित परेशानियों का इलाज व परामर्श निशुल्क दिया गया तथा शिविर में निशुल्क दवाई व चश्में जरूरतमंद मरीजों को उपलब्ध कराई गई।



## भाषा प्रश्नोत्तरी में कुशाग्र सदन ने बाजी मारी

**कुशाग्र सदन के कनिष्क और वरिष्ठ दोनों वर्ग के छात्रों ने संस्कृत, हिन्दी और अंग्रेजी भाषा की प्रतियोगिता में प्रदर्शन किया**

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र**
**(दलबीर मलिक)**
गुरुकुल कुरुक्षेत्र में हुई अन्तर सदन भाषा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में कुशाग्र सदन के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बाजी मारी। कुशाग्र सदन के कनिष्क और वरिष्ठ दोनों वर्ग के छात्रों ने संस्कृत, हिन्दी और अंग्रेजी भाषा की प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन किया और सर्वाधिक अंकों के साथ प्रथम स्थान पर रहा वहीं तेजस्वी सदन द्वितीय रहा जबकि तीसरे स्थान पर प्रगति सदन रहा। बालसभा के कन्वीनर संदीप कुमार ने बताया कि इससे पहले सभी चार सदनों के छात्रों के मध्य सह सदनीय भाषा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता हुई थी जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों ने उक्त प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे सदन के छात्रों को निर्णायक मंडल द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य सूबे प्रताप, वरिष्ठ अध्यापक प्रेम कुमार, दयाशंकर शास्त्री, गौरवे प्रदीप, दलबीर सिंह, कपिल कुमार, रवि शास्त्री, शुभम् शास्त्री, रवीन्द्र आर्य, सुनील आहूजा, पवन आर्य सहित सभी अध्यापक उपस्थित रहे।



## लड़की की शादी में लड़के पक्ष ने मचाया उत्पात, बिना दुल्हन वापस लौटी बारात

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**
**नारनौल**
बीती रात निजामपुर खंड के गांव सरेली मे एक शादी समारोह मे दौरान लड़की व लड़का पक्ष मे झगड़ा हो गया। मामला यहा तक पंहुचा कि लड़की पक्ष के करीब आधा दर्जन लोग जिनमे विनय कुमार, जगदीश, अनिल, राजेन्द्र, विकाश, जिसमे करीब 8 वर्ष का लड़का नैतिक के साथ रोशनी नाम की एक महिला भी शामिल थी , घायल हो गए। लड़की पक्ष के द्वारा घायलो को एक निजी अस्पताल लेकर पंहुचे जंहा प्राथमिक उपचार के बाद सभी को घर भेज दिया गया। वही लड़के के चाचा को भी चोट आने की जानकारी मिल रही है। मामला बिगड़ता देख लडकी पक्ष ने 112 पर फोन किया जंहा मौके पर पंहुची पुलिस ने दोनो पक्ष मे बीच बचाव किया। मिली जानकारी के अनुसार जैसे ही लड़की स्टेज पर जा रही थी, दोनो पक्ष मे झगड़ा हो गया। बरातियो की तरफ से खाने को फैक और टैंट की करीब 50 कुर्शियो के साथ अन्य सामान को तोड़ दिया गया।



**लड़की पक्ष के द्वारा घायलो को एक निजी अस्पताल लेकर पंहुचे जंहा प्राथमिक उपचार के बाद सभी को घर भेज दिया गया**

**कैसे बिगड़ा मामला**
जानकारी मिली है कि लडकी पक्ष की तरफ से लगन मे लड़के वालो को 51सौ रुपए नेग के तौर पर दिए गए थे। वही जैसे ही बीते कल लड़की पक्ष गौरवे पर गए। जंहा लड़की पक्ष की तरफ से अपनी हैसियत अनुसार 501 रुपए गौरवे मे दिया गया तो लड़के पक्ष ने उस पर नाराजगी जाहिर की जंहा से मामला बिगड़ता चला गया। बारात बावरिया समाज की तरफ से दुजाना झज्जर जिले से निजामपुर खंड के गांव सरेली आई थी। मामला बिगड़ने पर शादी नही हो पाई। ओर बारात को बिना दुल्हन के वापिस लोटना पड़ा। वही दोनो दुल्हे शुभम व रोहित व उनके पिता गुलाब सिंह व चाचा अभी भी गांव सरेली मे मौजूद है। ग्रामीणो व लड़की पक्ष की माने तो लड़के पक्ष के लोगो को बुलाया गया है। जंहा पंचायत मे फैसला लिया जाएग। खबर लिखे जाने तक दुल्हे पक्ष की तरफ से समाज के लोग पंचायत मे नही पंहुचे थे। वही ग्रामीणो की माने तो लड़की के पिता चुन्नीलाल जोकि असहाय बताया जा रहा है। जिसने अपनी अहसियत से उपर उठकर शादी मे पैसे खर्च किए थे।

